04.12.2024 आकाशवाणी भोपाल 07.10pm

प्रादेशिक समाचार

मुख्य समाचार:

- मंत्रिपरिषद ने सिंहस्थ 2028 के लिए इन्दौर–उज्जैन में 2 हजार 312 करोड़ रूपये के सड़क निर्माण कार्यो को मंजूरी दी ।
- संबल योजना के तहत मुख्यमंत्री ने 10 हजार से अधिक हितग्राही श्रमिक परिवारों को जारी की सहायता राशि।
- केन्द्र सरकार ने गैर ग्राम पंचायत गॉवों में ब्रॉडबैण्ड कनेक्टिविटी के लिए संशोधित भारत नेट कार्यकम को दी मंजूरी।
- प्रदेश में धान और सोयाबीन की खरीदी जारी, मंत्रिगण करेंगे उपार्जन केन्द्रों का अवलोकन।

मंत्री परिषद निर्णय

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में आज हुई मंत्रि-परिषद की बैठक में विद्युत एवं नवीकरणीय ऊर्जा उपकरणों के विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए नर्मदापुरम के औद्योगिक क्षेत्र मोहासा- बाबई के क्षेत्रफल विस्तार करने को स्वीकृति दी गयी। इससे औद्योगिक पार्क का क्षेत्रफल कुल 884 एकड़ हो गया है। मंत्रि-परिषद द्वारा सिंहस्थ-2028 को देखते हुए इंदौर-उज्जैन में 2312 करोड़ रूपये से अधिक राशि के सड़क निर्माण कार्यों की स्वीकृति दी गयी। इसमे उज्जैन सिंहस्थ बायपास 4-लेन, इंदौर-उज्जैन ग्रीनफील्ड मार्ग 4-लेन और उज्जैन जिला के इंगोरिया-देपालपुर 2-लेन सड़क को स्वीकृति दी गयी है। ये सभी सड़कें म.प्र. सड़क विकास निगम के माध्यम से विकसित की जायेगी। मंत्रीपरिषद के निर्णय की जानकारी देते हुए नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि उज्जैन में होने वाले सिंहस्थ 2028 के लिए व्यापक तैयारियां की जा रही हैं।

संबल योजना

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि संबल योजना आपात स्थिति में श्रमिकों के लिये अपने नाम के अनुरूप संबल प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि मुश्किल और दुख की घड़ी में सरकार श्रमिकों के साथ है। मुख्यमंत्री ने आज मुख्यमंत्री जन-कल्याण योजना-संबल के अंतर्गत 10 हजार 236 हितग्राही श्रमिक परिवारों के बैंक खातों में 225 करोड़ की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरित की। इस योजना के अंतर्गत अब तक 6 लाख 16 हजार से अधिक प्रकरणों में 5,626 करोड़ से अधिक के हितलाभ दिए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि संबल योजना में एक करोड़ 73 लाख से अधिक श्रमिकों ने अपना पंजीयन कराया

है। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान संबल योजना के कुछ जिलों के हितग्राहियों से वर्चुअल संवाद भी किया।

राज्यपाल दीक्षांत

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने भोपाल में आई.ई.एस. विश्वविद्यालय के प्रथम दीक्षांत समारोह में हिस्सा लिया। राज्यपाल ने इस अवसर पर कहा कि दीक्षांत, विद्यार्थियों के लिए शिक्षा और संस्कारों के साथ राष्ट्र सेवा के संकल्प का प्रसंग है। अपनी बौद्धिक, सांस्कृतिक परम्पराओं और संस्कारों को पोषित और पल्लवित करने की प्रतिबद्धता का अवसर है। कार्यक्रम में उच्च शिक्षा मंत्री  इंदर सिंह परमार भी मौजूद थे।

दिव्यांग दिवस

सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ने कहा है कि समावेशी और उज्ज्वल भविष्य के लिए दिव्यांगों के नेतृत्व को बढ़ावा देना के लिए प्रदेश सरकार का प्रयास 'दिव्यांगता को दिव्यता के रूप में परिवर्तित' करने का है। इसके लिए राज्य सरकार, केन्द्र सरकार के साथ मिलकर कार्य कर रही है और दिव्यांगों के कल्याण के लिए उनको साधन के साथ अवसर भी मुहैया कराया जा रहा है। मंत्री श्री कुशवाह ने यह बात सामाजिक न्याय संचालनालय के ऑडिटोरियम में आयोजित राज्य स्तरीय दिव्यांगजन कल्याण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कही।  कार्यक्रम की अध्यक्षता परशुराम बोर्ड के अध्यक्ष विष्णु राजोरिया ने की।

पीएम आवास–अनूपपुर

प्रधानमंत्री आवास योजना से गरीबों के पक्के घर का सपना साकार हो रहा है। अनूपपुर में भी सर्दी, गर्मी और बारिश के दिनों में जहां लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था वहीं अब पक्के घर बन जाने से इन लोगों को विभिन्न मौसमों में होने वाली कई परेशानियों से निजात मिली है। जिला पंचायत अनूपपुर में स्वीकृत 51 हजार 831 आवासों में से 50 हजार 795 आवास पूर्ण कर हितग्राहियों को सौंपे जा चुके हैं।

बांग्लादेश विरोध

बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमलों के विरोध में आज इंदौर और भोपाल में कई **संगठनों ने प्रदर्शन किया। इनके अलावा आमजन और व्यापारी समेत** अन्य **वर्ग के लोगों ने इसमें शामिल होकर विरोध जताया। इंदौर में लालबाग परिसर में लोग एकजुट हुए। भोपाल में डिपो चौराहे पर धरना दिया** गया**।** । इसी तरह देवास,आगरमालवाऔर नीमच सहित प्रदेश के अन्य जिलों में भी रैली निकाली गई।

**लोकसभा-भारत नेट**

**सरकार ने भारतनेट परियोजना के अंतर्गत देश में दो लाख 14 हजार से अधिक ग्राम पंचायतों को ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी प्रदान की है। संचार राज्य मंत्री डॉ. पेम्मासनी चंद्रशेखर ने आज लोकसभा में लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सरकार इस परियोजना के तहत आदिवासी क्षेत्रों सहित सभी ग्राम पंचायतों और गांवों को ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी प्रदान करेगी। उन्होंने बताया कि सरकार ने एक लाख 39 हजार करोड़ रुपये की लागत से शेष तीन लाख 80 हजार गैर-ग्राम पंचायत गांवों को कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए संशोधित भारतनेट कार्यक्रम को मंजूरी दी है।**

**सोयाबीन धान उपार्जन**

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कहा है कि मंत्रीगण सोयाबीन और धान खरीदी के लिये बनाये गये उपार्जन केन्द्रों का अवलोकन करें। उन्होंने कहा कि उपार्जन में किसानों को यदि कोई समस्या आ रही है, तो संबंधित विभाग के संज्ञान में लायें। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में 25 अक्टूबर से सोयाबीन का उपार्जन हो रहा है। उपार्जन 31 दिसम्बर तक होगा। अब तक 77 हजार से अधिक किसानों से 2 लाख 4 हजार मीट्रिक टन सोयाबीन का उपार्जन किया जा चुका है। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने**

**बताया कि 2 दिसम्बर से धान का उपार्जन शुरू हो चुका है। अब तक 428 किसानों से 2810 मीट्रिक टन धान का उपार्जन हो चुका है।**

समाचार संक्षेप में .....

- **भाजपा नेता और महायुति के विधायक दल के नेता देवेन्द्र फड़णवीस ने आज राज्यपाल सी पी राधाकृष्णन से मुलाकात कर महाराष्ट में सरकार बनाने का दावा पेश किया। राज्यपाल ने उन्हें कल शपथ लेने के लिए आमंत्रित किया है।**
- **डीजीपी कैलाश मकवाणा ने दिए फील्ड अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि रूल ऑफ लॉ हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने सभी जिलों को निर्देशित करते हुए कहा कि सायबर अपराध और नशे के कारोबार पर सख्त कार्रवाई करें साथ ही यातायात सुरक्षा के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाएं।**
- **कटनी में 14 दिसंबर को जिला न्यायालय एवं समस्त तहसील सिविल न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इसमें आपराधिक, सिविल, विद्युत अधिनियम, श्रम, मोटर दुर्घटना दावा आदि संबंधी प्रकरण का निराकरण किया जाएगा।**
- **शिवपुरी जिले के ग्राम भौंती के प्रगतिशील किसान रामगोपाल गुप्ता को मिलेनियर फार्मस अवार्ड 2024 से सम्मानित किया गया है। किसान रामगोपाल गुप्ता नवाचार करते हुए हल्की रेतीली और पथरीली मृदा में फसलों में मूंगफली, गेहूं का फसल चक्र के साथ आंवले के 200 पौधे उन्नत प्रजातियों के साथ गेंदा, गेलारडिया का भी उत्पादन ले रहे हैं।**
- **अनूपपुर जिले के हसदेव क्षेत्र अंतर्गत झिरिया कोयला खदान में दुर्घटना होने से दो श्रमिकों की मौत हो गई है। खदान में कोयले में ब्लास्टिंग करने के बाद ड्रेसिंग के दौरान पत्थर गिरने से यह हादसा हुआ।**
- **बैतुल कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने जिले में शीत ऋतु के प्रभाव से तापमान में गिरावट दर्ज होने के कारण आगामी आदेश तक आंगनबाड़ी केन्द्रों का संचालन सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक निर्धारित किया है।**

- **खण्डवा जिला रोजगार अधिकारी लक्ष्मण सिंह सिलौटे ने बताया कि कल रोजगार मेला का आयोजन आई.टी.आई. खण्डवा में किया जाएगा। मेले में विभिन्न कम्पनियों के प्रतिनिधि भाग लेकर कुल 200 बेरोजगार युवक/युवतियों का विभिन्न पदों के लिए चयन करेंगे ।**
- **प्रदेश में अधिकांश जिलों में ठंड से राहत है। उज्जैन, नर्मदापुरम, शहडोल संभागों के जिलों में सामान्य से अधिक तापमान रहा। प्रदेश में सबसे कम तापमान छतरपुर के नौगांव में 8.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।**